# BOHRA INDUSTRIES LIMITED

**CIN: L24117RJ1996PLC012912**
**Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001**
**Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515**
**Website: http://www.bohraindustries.com**

---

**Date:** 28th March, 2025

**To,**
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza Block G, C 1, Bandra Kurla Complex, G Block BKC, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra 400051

**NSE Symbol: BOHRAIND ISIN: INE802W01023**

**Sub: Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")-Newspaper Publication – Corrigendum to the Notice of the Extra-Ordinary General Meeting.**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose herewith copies of newspaper Publications in the Financial Express (English) and Hukmnama Samachar (Hindi) relating to Corrigendum to the notice of Extra-Ordinary General Meeting of the company to be held on 2nd April, 2025.

A copy of the said newspaper Publication is enclosed for your reference and record.

Thanking you,

Yours sincerely,
**For Bohra Industries Limited**

Krishna Agarwal Digitally signed by Krishna Agarwal Date: 2025.03.28 11:52:09 +05'30'

**Krishna Agarwal**
**Director**
**DIN: 09402238**

Enclosed: As above.

**एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की अजमेर, ब्यावर, पाली, सिरोही, चूरू और बालोतरा जिलों में एक साथ कार्रवाई**

# हाईवे पर बने होटल-ढाबों की आड़ में टैंकरों से केमिकल व एलपीजी गैस चोरी कर एकत्रित किया

## एक साथ 11 स्थानों पर की गई कार्रवाई में 17 व्यक्ति हुए गिरफ्तार

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने अजमेर, ब्यावर, पाली, सिरोही, चूरू और बालोतरा जिलों में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर हाईवे पर बने होटल-ढाबों की आड़ में टैंकरों से केमिकल व एलपीजी गैस चोरी कर एकत्रित करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। टीम ने इन जिलों में एक साथ 11 स्थानों पर कार्रवाई में 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार करवा 1 लाख 86 हजार 780 लीटर केमिकल, 14600 लीटर बायोडीजल, 5.82 लाख रुपए नगद एवं 12 वाहन, भारी मात्रा में ड्रम- टंकियां, मोबाइल आदि जप्त किये है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एम. एन. के निर्देशन में एजीटीएफ/सीआईडी सीबी जयपुर की टीम द्वारा प्रदेश में अवैध गतिविधियों एवं संगठित अपराध करने वालों के विरूद्ध लगातार बडी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि विदेशों से भारत में आयात कैमिकल गुजरात के कांडला बन्दरगाह से भारत के विभिन्न प्रदेशों में जैसे गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश विभिन्न राज्यों में टैंकरो द्वारा परिवहन किया जाता है। इस सम्बन्ध में सूचना मिली थी कि कुछ गैंग पश्चिम राजस्थान के सिरोही, पाली, ब्यावर, अजमेर, जोधपुर, चूरू जिलों में नेशनल हाईवे पर होटल एवं ढाबों की आड में टैंकरो की सील तोडकर उनमें से कैमिकल, डीजल, पेट्रोल, थिनर, एलपीजी गैस की चोरी करते है। चोरी के बाद पुनः सील लगाकर टैंकरो को रवाना कर देते है। इस पर उप महानिरीक्षक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री योगेश यादव के समन्वय तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन एवं उप अधीक्षक पुलिस श्री फूलचन्द टेलर के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्री सुभाष सिंह, एएसआई शैलेन्द्र शर्मा व कांस्टेबल बृजेश शर्मा द्वारा उक्त सुचना को विकसित की जाकर होटलों व संदिग्ध ठिकानों को चिन्हित किया गया। तत्पश्चात उपरोक्त मुख्यालय स्तर पर एजीटीएफ व रेन्ज सैल सीआईडी सीबी की अलग-अलग टीमों का गठन किया जाकर अजमेर जिले के मांगलियावास और बान्दरसिन्दरी तथा ब्यावर जिले में सेंन्दडा, रायपुर एवं पाली जिले में सुमेरपुर व सांडेराव, शिवपुरा तथा सिरोही जिले में पालडी एम एवं चूरू जिले में दुदवाखारा, सुजानगढ, चुरू शहर एवं बालोतरा जिले में सिणधरी थाना ईलाकों 11 स्थानों पर कार्रवाई की गई। एजीटीएफ एवं सीआईडी सीबी रेंज सैल की टीमों द्वारा इन 6 जिलों में चिन्हित किये गए सन्दिग्ध होटलों व ढाबों पर जिला स्पेशल टीम व थाना पुलिस की टीम के साथ दबिश दी। जहां ज्वलनशील एवं अतिज्वलनशील कैमिकल, बायो-डीजल एवं एलपीजी गैस की चोरी कर भण्डारण किया हुआ था। पुलिस ने मामले में कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से यह सब किया जब्त इस कार्रवाई में मौके से 1,86,780 लीटर कैमिकल, 14600 लीटर बायो डीजल, 5,82770 रूपए नगद, 6 टैंकर, एक ट्रक, 2 पिकअप, 1 कार, 1 बाइक, 190 ड्रम, 10 एलपीजी भारत गैस की 450-450 किलोग्राम की टंकिया, 26 गैस सिलेंडर कॉमर्शियल मय रिफिल पाइपों के, 14 मोबाइल, अन्य सामान पाइप, गेज, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, सील तोड़ने व लगाने की मशीन, सील, नोजल, पानी की मोटर, अवैध डोडा चूरा, अवैध शराब जब्त की गई। गिरफ्तार 17 आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## द राइज ऑफ हनुमान सोंग के पोस्टर का विमोचन

**सीकर।** राम नवमी के उपलक्ष में गुरूवार को प्रेस क्लब भवन में द राइज ऑफ हनुमान सोंग के पोस्टर का विमोचन हुआ। पोस्टर का विमोचन प्रेस क्लब अध्यक्ष हुलास तिवाड़ी, वरिष्ठ संरक्षक तेजप्रकाश सैनी, संरक्षक रमेश शर्मा, मंत्री कार्तिकेय शर्मा, अन्नपूर्णा आश्रम सेवा समिति से कृष्णा शर्मा रेडियो राजस्थान के एमडी कुलदीप शर्मा, युवा मोर्चा के स्वदेश शर्मा ने किया। आरजे कविश ने बताया कि रामनवमी पर यह गाना स्पेशल रूप से रेडियो राजस्थान की टीम ने तैयार किया है। जो सीकर ही नही बल्कि प्रदेश के कई जिलों में रामनवमी पर डीजे पर बजेगा। गाने को द राइज ऑफ हनुमान नाम दिया गया है। अध्यक्ष हुलास तिवाड़ी ने बताया कि यह हनुमानजी का डीजे गाना सीकर में रामनवमी पर बजेगा। शहर के लोगों ने भी इसे पसंद किया है। वरिष्ठ संरक्षक तेजप्रकाश सैनी ने कहा कि भगवान राम का यह पर्व रामनवमी के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।



दिव्यांग छात्रों ने देखी विधान सभा- बीकानेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बधिर के छात्रों ने गुरूवार को राजस्थान विधान सभा और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को देखा। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने दिव्यांग छात्रों को विधान सभा स्थित शिव मंदिर में भोजन प्रसादी कराई।

## प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म आयेंगे धौलपुर विकास एवं सुशासन उत्सव में करेंगे शिरकत

**धौलपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग व जिला प्रभारी मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म 28 मार्च को धौलपुर आएंगे। जिला प्रभारी मंत्री श्री बेढ़म मध्याह्न 12 बजे से नगर परिषद टाउनहॉल में आयोजित होने वाले विकास एवं सुशासन उत्सव में शिरकत करेंगे।

## जिले में वार्ड परिसीमन एवं पुनर्गठन प्रस्ताव जारी, 17 अप्रैल तक आपत्तियां आमंत्रित

**धौलपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में नगरपरिषद व नगरपालिकाओं के वार्ड परिसीमन और पुनर्गठन का प्रस्ताव जारी किया गया है। यह प्रस्ताव स्वायत शासन विभाग, राजस्थान सरकार के आदेश के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर तैयार किया गया है। धौलपुर, बाड़ी, राजाखेड़ा, बसेड़ी और सरमथुरा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में वार्डों के पुनर्गठन संबंधी यह प्रस्ताव जारी किया गया है। यदि किसी नागरिक को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति या दावा दर्ज कराना हो तो वे 17 अप्रैल 2025 तक संबंधित कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्तियां जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर के कार्यालय, संबंधित नगरपरिषद या नगरपालिका कार्यालय में कार्य दिवसों में दर्ज कराई जा सकती हैं।

## सावधान बैंक खाते में पैसा जमा होने का फर्जी एसएमएस भेज साइबर धोखाधड़ी कर रहे हैं ठग

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** आजकल साइबर धोखाधड़ी के मामले बहुत बढ़ रहे हैं, साइबर क्रिमिनल नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठग रहे हैं। इनमें से एक तरीका है फर्जी एसएमएस भेजकर लिंक के जरिए धोखाधड़ी करना। इसके संबंध में पुलिस मुख्यालय की साइबर शाखा द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। अगर आपको भी ऐसा ही कोई मैसेज मिले तो उसमें दिए गए लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाता नंबर, पासवर्ड सहित अन्य कोई जानकारी शेयर ना करें। महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगानें एवं आमजन में साइबर अपराधो के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय की साइबर क्राइम शाखा द्वारा राज्य मे लगातार प्रयास किये जा रहे है। वर्तमान में आपके बैंक खाते में पैसे जमा होने का फर्जी एसएमएस के साथ लिंकभेजकर पैसो की ठगी की जा रही हैं। डीजी प्रियदर्शी बताया कि आमजन को अपने खातो की सुरक्षा के लिए व ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए सभी को बैंकिंग अलर्ट्स का ध्यानपूर्वक विश्लेषण कर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा जारी गाईड लाईन की पालना करनी चाहिए। यदि आपको ऐसा कोई संदिग्ध मैसेज प्राप्त होता है, तो ऐसी घटनाओं में सतर्कता और सावधानी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस लिंक पर क्लिक करने से आपके फोन व कम्प्यूटर में मैलवेयर डाउनलोड हो सकता हैं, आपका बैंक खाता खाली हो सकता हैं और आप एक बड़ी साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं।

## डॉक्टर महिमा को स्वर्ण पदक पर मरीजों को निशुल्क भोजन

**सीकर।** आज डॉ महिमा चौधरी को ऑक्सफोर्ड संस्थान सम्बन्ध राजीव गांधी हेल्थ एंड साइंस विश्वविद्यालय के ग्रेजुएशन डे पर स्वर्ण पदक एवं संस्थान से श्रेष्ठतम प्रदर्शन पर मुख्य अतिथि फोर्टिस ग्रुप के चेयरमैन की अध्यक्षता में बेंगलुरु में सम्मानित किया गया। डॉ. महिमा चौधरी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं लगातार पढ़ाई को दिया। सीकर जिले के चिकित्सा समुदाय ने डॉ महिमा चौधरी को को बधाईयां देकर अपनी खुशी व्यक्त की इस स्वर्णिम सफलता पर नर्सिंग ऑफीसर्स वेलफेयर क्लब के चेयरमैन महावीर सिंह धीवां ने बताया कि डॉ महिमा चौधरी आज अन्नपूर्णा रसोई में मरीजों,परिजनों,एवं असहाय व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था कर अपनी सफलता को सामाजिक सरोकारों में शामिल कर भर्ती मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# देवनानी ने छ विधानसभा कर्मियों का सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मान

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को यहां विधान सभा में उप सचिव श्री देवेन्द्र चोटिया, सहायक सचिव श्री लोकेश जैन व श्री नरेश कुमार जैन, अनुभाग अधिकारी श्री चतुर्भुज जागा, सहायक कर्मचारी श्री सुरेश चन्द शर्मा और श्री मांगीलाल गुर्जर को सेवानिवृत्ति पर श्री देवनानी ने माला व साफा पहनाकर और शॉल ओढाकर स्मृति चिन्ह भेंट किये। विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने कहा कि सेवा का आरम्भ और सेवानिवृत्ति का दिन अधिकारी और कर्मचारी के साथ ही उनके परिवारजन के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि अपने सेवाकाल में ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे लोग आगे भी याद करें। लम्बी अवधि की विधान सभा सेवा की स्मृतियों को स्मरण करने का यह दिवस यादगार होता है। साथी कर्मियों और परिवारजन को मिलकर इस दिवस को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। विधान सभा में कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी सौभाग्यशाली होते है। लोकतंत्र के इस मंदिर में काम करने का मौका कुछ लोगों को ही मिल पाता है। लोकतंत्र के इस पवित्र स्थल पर मनोभाव और सकारात्मक दृष्टि से काम करके व्यक्ति निष्ठावान हो जाता है। विधान सभा के कर्मी सहभागिता से कार्य करते है, यह अच्छी बात है। संस्था के हित के लिए सामूहिक प्रयास करें। अपनी श्रेष्ठ क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र के विकास में करें।



## दो पक्षों का विवाद बना संग्राम मारपीट में महिलाएं और बच्चे घायल

**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर के कोटगेट थाना क्षेत्र के रानीबाजार में सोमवार को कंस्ट्रक्शन को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुई इस मारपीट में कुल 11 लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोटगेट थानाधिकारी विश्वजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। घायलों को तत्काल पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इस संघर्ष में मनीष सोलंकी, किसन, मोहित, लक्ष्मी, हंसराज, विजया, विष्णु, मंजू, गुड़िया, हड़मान समेत कई लोग घायल हो गए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ जारी है।

## डमी फर्मो के माध्यम से पुरानी कारों की खरीद.बिक्री का छद्म कार बाजार बनाकर जाली बिलों से कर चोरी के आरोप में राजेश गिरफ्तार

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** डमी फर्म्स खोलकर मिथ्या आगत कर का लाभ लिये जाने एवं फेक इनवॉइस के माध्यम से मिथ्या आगत कर चें व्द भी किये जाने के आरोप में वृत.सीए प्रवर्तन शाखा.तृतीयए राजस्थानए जयपुर द्वारा मिश्रा मार्ग निर्माण नगर स्थित मेसर्स ऑटो जंक्शन के प्रोपराइटर राजेश अग्रवाल पुत्र केशर देव अग्रवाल निवासी किरण पथ मानसरोवर को गिरफ्तार किया है। मुख्य आयुक्त राज्य कर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि आरोपी राजेश अग्रवाल ने स्वयं के नाम पर पंजीकृत फर्म मेसर्स ऑटो जंक्शन अतिरिक्त परिवारजनों के नाम पर संचालित फर्मों में एक लिमिटेड कम्पनी के एप पर ओएलएक्सए कार देखो इत्यादि वेबसाइट पर बिक्री के लिए डाली गयी कारोंए आरटीओ एजेंट्स के माध्यम से बिकी हुई कारों अथवा रास्ते में चलती हुई कारों की डिटेल विभिन्न बिजनेस लॉगिन आईण्डी बनाकर अपलोड़ कर दी जाती थीए जिसके एवज में कमीशन प्राप्त किया जाकर मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया एवं कमीशन प्राप्त किया जाकर करापवंचन किया। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा उसकी फर्म में कार्यरत जरूरतमंद व्यक्तियों व कार्मिकों को लोन इत्यादि दिलवाने का लालच दिया जाकर उनके आधार कार्ड एवं पैन कार्ड का उपयोग कर वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत डमी फर्म्स बना कर इसी प्रकार मिथ्या आगत कर का लाभ पहुंचाया जाकर कमीशन प्राप्त किया गया। श्री राजपुरोहित ने बताया कि आरोपी राजेश अग्रवाल उक्त डमी फर्म्स के खातों का संचालन स्वयं करता है। उक्त डमी फर्मों के खातों में प्राप्त कमीशन की राशि को स्वयं के अथवा परिवारजनों के खातों में स्थानान्तरित कर लेता था। अद्यतन जांचानुसार आरुई राजेश अग्रवाल द्वारा परिवारजनों एवं अन्य डमी फर्म्स के माध्यम लगभग 86 करोड़ से अधिक के फेक इनवॉइस प्राप्त किये एवं 15.54 करोड़ का मिथ्या आगत कर क्लेम किया। बाद में लगभग 92 करोड़ से अधिक के फेक इनवॉइस के माध्यम से कर राशि रूपये 16.65 करोड़ को पास ऑनध् यूटिलाइज भी किया गया। अग्रिम जांच में करोड़ों की राजस्व हानि उजागर होने की संभावना है।

## जाली बिलों से कर चोरी के प्रकरणों की श्रृंखला में सीए अंकित जैन गिरफ्तार

**जयपुर।** वाणिज्यिक कर विभाग की वृत.एए प्रवर्तन शाखा.तृतीय जयपुर द्वारा बिना किसी माल अथवा सेवा की सप्लाई किये केवल बिल जारी करते हुए कुल 10ण्05 करोड़ की फेक आईटीसी जनरेट एवं यूटिलाइज करने के आरोप में सीए अंकित जैन पुत्र कैलाश चन्द्र जैन 37 निवासी सेक्टर.6 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की मेसर्स अंकित के सी जैन एंड एसोसिएट्स नाम से फर्म है। राज्य कर प्रवर्तन शाखा तृतीय के अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन श्री शिशुपाल सिंह ने बताया कि सीए अंकित जैन द्वारा अपने कुछ क्लाईन्टस की फर्मों के रिटर्नस भरने के कार्य को राजस्व हानि की मंशा से दुरूपयोग करते हुए फेक सप्लाई अर्थात बिना किसी वास्तविक माल अथवा सेवा की सप्लाई के केवल फेक इनवॉइस जारी करते हुए फेक आईटीसी जनरेट एवं यूटिलाइज कर राजस्व की सदोष हानि की है।

## ऑपरेशन खुशी-9 राजस्थान पुलिस एक महीने के इस अभियान में तलाशेगी गुमशुदा बच्चों को

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** 27 मार्च। राजस्थान पुलिस द्वारा राज्य स्तर पर 18 वर्ष से कम उम्र के गुमशुदा नाबालिग बच्चों की तलाश के लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अभियान ऑपरेशन खुशी-9 चलाया जाएगा। अभियान में जहां पूर्ण लगन व मेहनत से काम करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा वहीं उदासीनता व लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी श्रीमती मालिनी अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के लिए राज्य में थानावार टीमों का गठन किया जा रहा है। पहले भी राजस्थान पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के लिए कई अभियान चलाए हैं। इस अभियान के माध्यम से भी जल्द से जल्द बच्चों को ढूंढ कर उनके परिवारों को सौंपने के लिए व्यापक कदम उठाए जाएंगे। राजस्थान में गुमशुदा बच्चों के लम्बित प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए गुमशुदा बच्चों के पैण्डिंग प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय स्तर पर राज्य के समस्त जिलों में दिनांक 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक विशेष अभियान खुशी चलाया जाने का निर्णय लिया गया। एडीजी श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए तथा अधिक से अधिक गुमशुदा बच्चों को दस्तयाब करने के लिए मेहनत व लगन से काम करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जावेगा तथा उदासीनता व लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## राज्यपाल आज कटराथल सीकर आएंगे

**सीकर, ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 28 मार्च 2025 शुक्रवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय आएंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रात9.30 बजे प्रस्थान कर प्रात11.30 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय सीकर के विश्वविद्यालय परिसर में आयेंगे और प्रात11.45 बजे अतिथि गृह, ज्ञान अनुसंधान केंद्र, पुस्तकालय, प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन करेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे दोपहर 12.15 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय सीकर द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में भाग लेंगें।

## खेत में लगी भीषण आग 6 बीघा सरसों की फसल जलकर राख

**बीकानेर,( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर जिले में खाजूवाला के 6के एल डी कुण्डल क्षेत्र में पिछली देर रात को भीषण आग लगने से करीब 6 बीघा सरसों की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसान अजय पाल कड़वासरा ने खेत में सरसों की कटाई कर रखी थी, लेकिन अज्ञात कारणों से लगी आग ने कुछ ही देर में पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया।आग की लपटें देख आसपास के किसानों ने तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे खाजूवाला थाने के हेड कांस्टेबल धारा सिंह और उनकी टीम ने किसानों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आगजनी में किसान को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

**राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित**

# 50 दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राई साइकिलों का मौके पर किया वितरण

**खैरथल,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत गुरूवार को अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से प्रसारण जिला सचिवालय खैरथल तिजारा कि सभागार में किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण इस अवसर पर भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। अंत्योदय कल्याण समारोह में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 92 हजार निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये का हस्तांतरण, डांग, मंगरा एवं मेवात क्षेत्रीय योजना हेतु 300 करोड़ रुपये, दिव्यांगजनों को पावर ड्रिवन व्हीलचेयर एवं असिस्टिव डिवाइस, 20 हजार परिवारों को स्वामित्व कार्ड योजना में पट्टा वितरण, माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक वितरण किया गया और ग्रामीण विकास का नया ई - वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल एप का शुभारंभ किया गया। साथ ही प. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना,दादू दयाल घुमंतू सशक्तिकरण योजना, दिव्यांगजनों हेतु समान अवसर नीति का विमोचन, एमएलए लैड योजना के तहत विधायक सुनवाई केंद्र, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 150 यूनिट मुफ्त बिजली, मां योजना के तहत न्यू पैकेज एवं मां नेत्र वाउचर योजना तथा गुरु गोवलकर आशांवित ब्लॉक विकास योजना के दिशा निर्देश भी जारी किए गए। कार्यक्रम से पूर्व जवाहर सर्किल जयपुर से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस के डेढ़ सौ नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले के लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ इस दौरान आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 26 लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया गया तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कि योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को 50 व्हीलचेयर एवं सहायक उपकरणों का वितरित कर लाभांवित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, एसडीएम राकेश रावत, श्रम विभाग अधिकारी राकेश चौधरी, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी, आमजन एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

## संघर्षों के साए में इतिहास हमारा पलता है,जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है-नेता प्रतिपक्ष जूली

**जयपुर/दिल्ली,( हुक्मनामा समाचार )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम ने जूली ने कहा कि युवा इस देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के बलबूते पर ही देश का विकास संभव है। जूली गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के राजस्थानी विद्यार्थियों द्वारा आयोजित राजरस 2025 राजस्थान संस्कृति की झलक कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा देश के भविष्य का भार उठाते हैं और उनमें देश की बेहतरी के लिए क्रांति लाने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सशक्तिकरण दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं जिनके बारे में हमारे देश के युवाओं को जागरुक किया जाना चाहिए। इसलिए हमारे राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करने के लिए युवाओं के समग्र विकास को सुविधाजनक बनाना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर पॉलिटिकल साइंस कुलपति रेखा सक्सेना, एनएसयूआई दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आशीष लाम्बा,संयुक्त सचिव दिल्ली विश्वविद्यालय लोकेश चौधरी, राष्ट्रीय सचिव आकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्वान मौजूद रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT, NEAR MAKARANA CHOURAHA] KISHANGARH, AJMER**
TELEPHONE NO. 01463-251117, Email address:eephedksg@yahoo.co.in
NO. EE/DIV KSG/TA/2024-25/4007-4017 DATED: 21-03-2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Work of Construction and Commissioning of Tubewells by DTH/ Rotary/Combination ring of 200 mm dia, supply and installation of energy efficient Submersible Pump Sets, Panels, Cables and other allied works including commissioning and testing of tube well under Jurisdiction of Kishangarh Division Ajmer with 24 months defect liability Nit No. 52/2024-25 are invited from interested bidders up to 06.00 PM on dated 03-04-2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
UBN-PHE2425WSOB11996
**DIPR/C/4314/2025**
(Lokesh Sankhla)
EXECUTIVE ENGINEER
PHED, DIV. KISHANGARH



**प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमवारामगढ़**
पंचायत समिति के सामने जमवारामगढ़ -303109
E-mail: gsss.jamwaramgarh15@gmai.com

क्रमांक :-1967 दिनांक:27.03.2025

**समिति निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि पीएम श्री राउमावि जमवारामगढ़ में 2 लाख रूपये की खेल कूद सामग्री क्रय कि जानी है। सामग्री का विवरण निम्नानुसार है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 05.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत की जा सकती है। निविदाएँ दिनांक 05.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदाएँ निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री | तादाद |
|---|---|---|
| 1 | सॉफ्ट बॉल ग्लवज | 25 |
| 2 | सॉफ्ट बॉल केचर किट | 2 |
| 3 | सॉफ्ट बॉल नेट | 2 |
| 4 | बेट (सलगर) | 2 |
| 5 | फ्चिर प्लेट | 2 |
| 6 | हॉम प्लेट | 2 |
| 7 | बैस | 6 |
| 8 | मैच बॉल | 12 |
| 9 | प्रैक्टिस बॉल | 25 |
| 10 | केचर व पिचर ग्लवज | 4 |
| 11 | पॉल लोहे के | 6 |
| 12 | हेण्ड बॉल गोल पोस्ट | 2 |
| 13 | नेट बॉल पॉल | 2 |
| 14 | टी-शर्ट | 80 |

प्रधानाचार्य
पीएम श्री राउमावि जमवारामगढ़



**BOHRA INDUSTRIES LIMITED**
CIN: L24117RJ1996PLC012912
Registered Office: 301, Anand Plaza, University Road, Udaipur, Rajasthan 313001
Email id: bil@bohraindustries.com, Phone: +91-294-2429513; Fax: +91-294-2429515
Website: http://www.bohraindustries.com

**CORRIGENDUM**

**To the NOTICE of the Extra Ordinary General Meeting (EGM) of the members of Bohra Industries Limited (CIN:L24117RJ1996PLC012912) to be held on Wednesday, April 02, 2025 at 03.30 P.M.through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM) to transact the agenda items as stated in the said notice:**

Members of the Company are requested to take note of the following:

1. Below statement in Point No. 1 on page no 23 of explanatory statement of Item 2 andPoint No. 1 on page no 31 of explanatory statement of Item 3 should be read as follows:
Till the committed funds are utilised towards the stated objects above, they will be utilized as investment in Bank Deposits, debts instruments, government securities as per the Investment policy laid down by the Board of Directors of the Company.
2. Point No. 19 on page No. 36 of explanatory statement of Item 3 i.e. Identity of proposed allottees (including natural persons who are the ultimate beneficial owners of equity shares proposed to be allotted and/ or who ultimately control), the percentage (%) of Post Preferential Issue Capital that may be held by them and Change in Control, if any, consequent to the Preferential issue and the Current and proposed status of the allottee(s) post preferential issues namely, promoter or non-promoter should be read as Point No. 20.
3. Sr. No. 2 on page no 37 of Point 20 under explanatory statement of Item 3 should be read as follows:

| Sr. No | Name of the proposed allottee | Pre issue Category | Name of the natural persons who are the ultimate beneficial owners | Pre issue Shareholding | | No. of Convertible Warrants to be allotted | Post issue Shareholding | | Post Issue category |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | No. of share | % | | No. of share | % | |
| 2 | Sabyasachi Tie Up Private Limited | Non-Promoter | -Sushma Vijay -Anil Kumar Vijay | 0 | Nil | 1,56,250 | 1,56,250 | 0.58 | Non-Promoter |

4. In Point No. 4 on page no 24 of explanatory statement of Item 2 and in Point No. 4 on page no 32 of explanatory statement of Item 3, the Valuation Report can be viewed at https://www.bohraindustries.com/document/Valuation%20Report%20bohra-Signed.pdf.
5. On page no 38 of explanatory statement of Item 3, the second paragraph i.e. Except as mentioned above, none of the other Directors and Key Managerial Personnel of the Company or their relatives are in any way concerned or interested, financially or otherwise in this resolution should be replaced with the following statement:

None of the Directors and Key Managerial Personnel of the Company or their relatives are in any way concerned or interested, financially or otherwise in this resolution.

The Members are requested to read the EGM Notice dated March 11, 2025 in conjunction with this Addendum/Corrigendum for modifications and/or insertions in the Explanatory Statement of the EGM Notice as mentioned above.

All other contents of the EGM Notice, save and except as modified and/or inserted by this Addendum/ corrigendum, shall remain unchanged.

This Corrigendum is also being published in the Financial Express (English Language) and Hukmnama Samachar(Hindi Language) and will also be made available on website of Stock Exchangei.e.National Stock Exchange of India Limited and on the website of the Company at: www.bohraindustries.com

**By Order of the Board of Directors of Bohra Industries Limited**

Place: Udaipur
Date: March 27, 2025

DIN: 09402238
Sd/- Krishna Agarwal, Director

